देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इन्दौर

प्रेस–विज्ञप्ति

इन्दौर 10 जनवरी 2024। शिक्षा मंत्रालय, नई दिल्ली द्वारा **''स्वयम्** (SWAYAM)'' प्लेटफार्म के माध्यम से मैसिव ओपन आनलाईन कोर्सेस (MOOCs) को प्रमुखतः शिक्षकों एवं विद्यार्थियों तथा आम जनमानस हेतु संचालित किया जा रहा है। **इस संदर्भ में 8 पाठ्यक्रमों का निर्माण ई.एम.आर.सी. देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इन्दौर द्वारा किया गया है।** जो इस प्रकार हैं– रिटेल एंड चैनल मैनेजमेंट, बेसिक्स ऑफ फोटोग्राफी, फायनेशियल एकाउन्टिंग, एनवायरमेंटल स्टडीज, इनफार्मेशन सिक्योरिटी एंड साइबर फोरेंसिक्स, माइक्रो इकोनॉमिक्स, अंडरस्टैंडिंग पॉलिटिकल थ्योरी एवं मैक्रोइकोनॉमिक्स। ये 8 पाठ्यक्रम दिनांक 11 जनवरी 2024 से प्रारंभ हो रहे हैं एवं इनके लिए रजिस्ट्रेशन जारी है। इन पाठ्यक्रमों के अध्ययन हेतु पूरे देश से भारी संख्या में विद्यार्थियों ने रजिस्ट्रेशन कराया है।

इन पाठ्यक्रमों के माध्यम से अध्ययन हेतु इच्छुक विद्यार्थी व अन्य कोई भी '**स्वयम पोर्टल**' www.swayam.gov.in पर जाकर निशुल्क रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं। रजिस्ट्रेशन के पश्चात ही कोई भी इन पाठ्यक्रमों के अध्ययन की सुविधा प्राप्त कर सकता है। **रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि 29 फरवरी 2024 है।** सफलतापूर्वक पाठ्यक्रम को पूर्ण करने के पश्चात प्रमाण–पत्र भी प्रदान किये जाएगें। **यहाँ उल्लेखनीय है कि 'मूक्स' के माध्यम द्वारा पाठ्यक्रम करने की प्रक्रिया पूर्णतः निशुल्क है। परंतु प्रमाण–पत्र प्राप्त करने हेतु रू. 1000/– (सामान्य वर्ग हेतु) एवं रू. 500/– (आरक्षित वर्ग हेतु) का शुल्क देय होगा।**

इन ऑनलाईन पाठ्यक्रमों के संबंध में देवी अहिल्या विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. रेणु जैन का कहना है ''हमारा विश्वविद्यालय इस राष्ट्रीय स्तर की परियोजना में शामिल होकर एक महत्वपूर्ण योगदान कर रहा है। यह पाठ्यक्रम हमारे विश्वविद्यालय व अन्य विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों के लिये उपयोगी होंगे, ऐसा मेरा विश्वास है।''

ईएमआरसी के निदेशक डॉ. चन्दन गुप्ता का विद्यार्थियों को संदेश है कि वे इन ऑनलाईन पाठ्यक्रमों में पंजीयन कराकर अधिक से अधिक इसका लाभ उठायें।

डॉ. चन्दन गुप्ता
मीडिया प्रभारी